बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना–800 010
दूरभाष नं0–0612-2261250/2262265, फैक्स–0612-2261050
ई–मेल–bspcb@yahoo.com, वेबसाईट–http://bspcb.bih.nic.in

पत्रांक–पी.सी./पी.आर.–105/प्रेस विज्ञप्ति/2019/**PR-2** पटना, दिनांक:–26.05.2019

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 के लिए 'यूनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम' (UNEP) द्वारा घोषित विषय–वस्तु ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान दिनांक 25 मई, 2019 से प्रारंभ की गयी है।

आज प्रात 06:30 बजे साइकिल रैली 'ईस्ट एण्ड वेस्ट हाई स्कूल', बेला से प्रारंभ हुआ। यहां स्कूल के करीब 75 छात्र–छात्राओं द्वारा साइकिल रैली निकाली गयी जो स्कूल से 5 किलोमीटर दूर शिवाला मोड़ के पास समाप्त हुई। रैली में शामिल छात्र–छात्राऐं पर्यावरण संरक्षण पर लिखे गये नारों की तख्तियां लगाये हुए थे।

इसी स्थल पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित 'नुक्कड़ नाटक' ''जमाना बदलेगा'' का मंचन किया गया। जिसे वहां उपस्थित जन–सामान्य द्वारा सराहा गया।

श्री कुन्दन कुमार द्वारा लिखित नुक्कड़ नाटक श्री विज्येन्द्र कुमार टॉक के निर्देशन में सुश्री सबिया खातून, पूजा राज, मो. जॉनी, श्री नन्दू, अभिषेक राज ड्रमबाज, राहुल रंजन, रोहित चन्द्रा, कुणाल कुमार, जय भारती एवं रौशन कुमार द्वारा मंचित किया गया।

रैली का उद्घाटन ईस्ट एण्ड वेस्ट, स्कूल की प्राचार्या श्रीमति अंजु कुमारी, बेला, पटना द्वारा किया गया।

उक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन पुनः आज संध्या 5:30 बजे से संध्या 6:30 बजे के बीच गांधी मैदान परिसर के अन्दर स्टेट बैंक के सामने स्थित गांधी मूर्त्ति के पास किया जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार
(वीरेन्द्र कुमार) 26.05.2019
जन–सम्पर्क पदाधिकारी